उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 21.11.2022**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 15.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।





## एण्टीरोमियो स्क्वाड द्वारा छात्राओं/ महिलाओं को महिला सुरक्षा के बारे में किया गया जागरूक !!

उत्तर प्रदेश सरकार तथा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से महिला सुरक्षा एवं जागरूकता के दृष्टिगत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपदवार गठित किए गए महिला सुरक्षा विशेष दल के क्रम में आज दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित एण्टीरोमियो दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों,कोचिंग संस्थानों एवं ग्रामों में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया।

जिसमें मिशनशक्ति के तहत एण्टीरोमियो दल ने बालिकाओं/ छात्राओं एवं महिलाओं को पुलिस द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पावर लाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, महिला सहायता- 181, यूपी 112 साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर उक्त नंबर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 21.11.2022**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में थाना अजनर पुलिस टीम द्वारा छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रति किया गया जागरुक-

आज दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में थाना अजनर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज में छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी व यातायात नियमो/मिशन शक्ति से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किये गये।

प्रभारी निरीक्षक अजनर श्री शिवआसरे द्वारा व उनकी टीम द्वारा बच्चों को बताया गया कि पैदल चलने वाले सडक पर हमेशा बायी ओर चले, स्कूली बच्चे निर्धारित बस स्टॉप से ही चढ़े व उतरें उतरने के बाद दोनों तरफ देखकर सावधानी से आगे बढ़े, ओवर स्पीडिंग न करें, दोपहिया वाहन चालक एवं सवारी हेलमेट अवश्य पहनें। लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक करने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ नियमित रुप से हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट के प्रयोग हेतु प्रेरित करने की अपील की गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के बारे में सभी छात्र/छात्राओं को विभिन्न जानकारियों को साझा करते हुये जागरुक कर संवाद स्थापित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री शिवआसरे, व0उ0नि0 अजनर श्री दिनेश तिवारी सहित स्कूल के सम्मानित शिक्षकगण मौजूद रहे।








## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में माँ चन्द्रिका महाविद्यालय की छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रति किया गया जागरुक-

आज दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में थाना कोतवाली महोबा क्षेत्र के माँ चन्द्रिका महाविद्यालय महोबा में पुलिस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्राधिकारी कार्यालय सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात श्री रामप्रवेश राय द्वारा मय प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह, प्रभारी महिला थाना श्रीमती सुषमा चौधरी द्वारा पुलिस बल के साथ बच्चों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया गया साथ ही उनके अधिकारों से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर- 1090, 1098, 181, 112,1076 इत्यादि से अवगत कराया गया व साइबर क्राइम के बचाव हेतु जानकारी दी गई और साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गई व **UP COP App** आदि के बारे में जानकारी दी गई।

इसी क्रम में यातायात नियमों के बारे में जागरुक करते हुये बताया गया कि यात्रा के दौरान 1.एम्बुलेंस को पहले रास्ता दे, 2.गलत तरीके से या निषेध जगह पर वाहन पार्किंग ना करे, 3.वाहन चलाते समय दुसरे वाहन से रफ़्तार की कम्पटीशन न करे, 4.अकारण हॉर्न न बजाये, 5.गाड़िया चलाते समय हाथ के सिग्नल का भी उपयोग करें, 6.निश्चित और नियंत्रित गति से ही वाहन चलाये, 7.चौराहे, यु-टर्न, भीड़भाड़ वाले इलाको में गाड़ी धीमी गति से ही चलाये, 8.सीट बेल्ट, हेलमेट का उपयोग जरुर करे, ये सभी चीजे हमारी सुरक्षित यात्रा के लिए ही बने होते है, 9अपने वाहन से कही की भी यात्रा करने से पहले अपने ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के जरुरी कागजात अपने साथ जरुर रखे।







# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर मां0 न्यायालय परिसर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत डॉग स्क्वाड टीम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं देखीं ।

आज दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपदीय मां0 न्यायालय परिसर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत न्यायालय परिसर में डॉग स्क्वाड व ए0एस0 चेक टीम के साथ सघन चेकिंग की गई तथा न्यायालय परिसर की सुरक्षा मे लगे समस्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

इस दौरान डॉग स्क्वाड टीम व ए0एस0 चेक टीम ने न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक श्री साजिद अली के साथ सम्पूर्ण न्यायालय परिसर में भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग करते हुये पुलिस बल की तैनाती प्वाइंट, प्रवेश द्वार व प्रवेश द्वारा में लगे मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी/डीएफएमडी) आदि की रिपोर्ट तैयार की गयी ।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 21.11.2022**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में थाना खरेला पुलिस टीम द्वारा छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति अभियान के प्रति किया गया जागरुक-

आज दिनांक 21.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में व थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार मय खरेला पुलिस टीम की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के श्री गोकुल प्रसाद बालिका विद्यालय में जागरुकता हेतु कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें छात्राओ को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी व यातायात नियमो/मिशन शक्ति से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किये गये।



इस दौरान क्षेत्राधिकारी चरखारी व थानाध्यक्ष खरेला द्वारा छात्राओं को बताया गया कि पैदल चलने वाले सडक पर हमेशा बायी ओर चले, स्कूली बच्चे निर्धारित बस स्टॉप से ही चढ़े व उतरें उतरने के बाद दोनों तरफ देखकर सावधानी से आगे बढ़े, ओवर स्पीडिंग न करें, दोपहिया वाहन चालक एवं सवारी हेलमेट अवश्य पहनें। लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरुक करने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ नियमित रुप से हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट के प्रयोग हेतु प्रेरित करने की अपील की गयी।



इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के बारे में सभी छात्र/छात्राओं को विभिन्न जानकारियों को साझा करते हुये जागरुक कर संवाद स्थापित किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 21.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **21.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर **180** वाहनो के ई-चालान किये गये।







